# सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न

**नई दिल्ली।** सोमवार को साहित्य अकादमी के सतर्कता जागरूकता अभियान का समापन हुआ। प्रख्यात कवि एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी तेजिंदर सिंह लूथरा ने साहित्य अकादमी के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में दूर-दृष्टि की नीति अपनाकर छोटे-छोटे लालचों से बच सकते हैं। इस संबंध में उन्होंने कई उदाहरण देते हुए संस्कृत की उस प्रसिद्ध उक्ति का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि त्याग की भावना होने पर ही हम भोग का लाभ उठा सकते हैं। इसमें अकादमी के कर्मचारियों ने भी भष्ट्राचार निवारण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने अतिथि का स्वागत उत्तरीय एवं साहित्य अकादमी की पुस्तक भेंट कर किया।